गौ रक्षक दल

गौ सुषमा

ऑनलाईन संस्करण: श्रेष्ठभारत

नपुंसकता त्यागे

गौमाता को बचाये

अपने सुझाव इस पते पर भेजे !

www.shreshthbharat.in/contacts

ShresthBharat | गौ रक्षक दल | स्वदेशी भारत | DesiMitti

१. गायों ने की प्राणों की रक्षा

रोहित के सरल मन में उठनेवाले सरल प्रश्नों से उसके मित्र परेशान रहते थे।

अरुण ! गाय को माँ क्यों कहते हैं?

बुद्धू ! इतना भी नहीं पता, गाय हमें दूध देती है?

इस उत्तर पर रोहित को मजाक सूझा।

लो यह दूध देनेवाली भैंस माँ आ गई।

भैंस को माँ थोड़े ही कहा जाता है?

रोहित ने फिर प्रश्न दागा।

क्यों भैंस भी तो हमें दूध देती है? फिर उसे माँ क्यों नहीं कहते?

माँ का पद तो गाय को मिल गया। फिर भैंस को माँ कैसे कहेंगे?

रोहित के मन में नया प्रश्न उठा।

अच्छा, भैंस को मौसी कहें तो?

भैंस मौसी ! हा.. हा..हा !!

रोहित के प्रश्न पर सबको मजा आ गया। बकरी को देख

बकरी माँ! हा..हा..हा !!

बकरी मौसी! हा..हा..हा !!

अरुण समझ गया कि रोहित का प्रश्न इतना सरल नहीं है।

चलो, श्रीदामा ग्वाले से पूछते हैं।

दामू भैया! गाय को माँ क्यों कहते हैं?

एक दिन की बात है-मैं गाय-भैंस-बकरियों को चरा रहा था।

अचानक एक नरभक्षी बाघ ने मुझ पर आक्रमण कर दिया।

बचाओ! बचाओ !!

भैंसे-बकरियाँ भाग गईं। जबकि गायों ने मुझे घेरकर उस पर आक्रमण कर दिया।

कुछ गायें घायल हो गईं।

आखिर उसे भागना पड़ा।

गाय माँ की तरह अपने प्राणों की चिंता न कर हमारी रक्षा करती है, इसलिए हम उसे माँ कहते हैं।

बछड़े को संस्कृत में वत्स कहते हैं। वत्स से ही बना है वात्सल्य अर्थात् माँ का प्रेम।

२. तेनालीराम

एक राजा दूसरे राजा के विद्वानों की परीक्षा लेने के लिए अपने विद्वानों को उनके दरबार में भेजते थे। एक बार राजा कृष्णदेवराय के दरबार में एक विद्वान ने बहुत से प्रश्न पूछे। अंत में

किस पशु का दूध सबसे श्रेष्ठ है?

गाय का।

तेनालीराम खड़े होते हैं।

बकरी का।

तेनालीराम! होश में तो हो?

शायद आपने मेरा प्रश्न ठीक से नहीं सुना?

हा..हा..हा!!

क्षमा करें महोदय। आपने पशु के दूध के बारे में पूछा, इसलिए मैंने बकरी कहा। गाय पशु नहीं वह तो माँ है।

बहुत सुंदर!

वाह!

उत्तम!!

वाह! केवल बाहरी ज्ञान प्राप्त विद्वान ऐसा उत्तर नहीं दे सकते, भीतरी ज्ञान अर्थात् प्रज्ञासंपन्न व्यक्ति ही इतना सुंदर उत्तर दे सकते हैं। जहाँ प्रज्ञावान पुरुष होते हैं, उन्हें कोई नहीं जीत सकता।

वर्षों तक माता-पिता, संतों और गोमाता की सेवा, ईश्वर की सेवा मानकर करने पर प्रज्ञा जागती है। स्वयं को श्रेष्ठ मानकर सेवा करने से अहंकार बढ़ता है और प्रज्ञा लुप्त हो जाती है।

३. जैसा दूध वैसा पूत

गणेशन् आज फिर दुखी था। १० वर्षों में तीसरी बार उसकी भैंसे गुम गई और लाखों रुपयों का नुकसान हो गया।


परसों शाम को भैंसें चराते-चराते गणेशन् को नींद आ गई और भैंसें अपने गाँव का रास्ता भूल कहीं और चली गईं और रात के अंधेरे में खो गईं।


मंदबुद्धि भैंसों का दूध पीनेवाला पाड़ा भी मंदबुद्धि होता है। वह ५० भैंसों में अपनी माँ को नहीं पहचान पाता और कम से कम १० भैंसों की लात खाकर .....

..... अपनी माँ के पास पहुँचता है।


जबकि गाय का दूध पीनेवाला बछड़ा सैकड़ों गायों में भी .....


..... अपनी माँ को पहचान लेता है।
तभी तो कहावत बनी है जैसा पीये दूध वैसा होये पूत

सुनील की गाय को साहूकार जबर्दस्ती शहर ले गया था, लेकिन एक महीने बाद भी वह रस्सी तुड़ाकर आ गई।

मेरी गौरी आ गई, ५० कि.मी. दूर से मेरी गाय आ गई।

ऐसे ही गाय और भैंस का दूध पीनेवालों में भी अंतर होता है। शिवाजी गाय का दूध पीते थे।

शिवा! हमारी भूमि पर अत्याचार करनेवाले इन धर्मांध शासकों को तुझे हटाना होगा।

माँ! मैं तुझे वचन देता हूँ।

शिवाजी महाराज आखिरी समय तक माँ और मातृभूमि के ऋण को नहीं भूले।

गुड्डू भैंस का दूध पीकर बड़ा हुआ था।

माँ! मुझे विदेश में अच्छी नौकरी मिल गई है। मुझे यहाँ की नागरिकता भी मिल गई है। अब मैं यहाँ ही रहूँगा। रुपये भेजता रहूँगा, नौकर से अपनी सेवा करवा लेना।

गुड्डू! तू अपना ध्यान रखना।

कुछ वर्षों बाद

गुड्डू! मेरी तबियत बहुत खराब है। एक बार तुझे देखने के लिए आँखें तरस रही हैं।

माँ! मैं बहुत व्यस्त हूँ। आ नहीं सकता। किसी अच्छे डॉक्टर से इलाज करवा लेना, मैं रुपये भेज रहा हूँ।

माँ बार-बार फोन करती रही, लेकिन प्रेमहीन भैंस का दूध पीकर बड़े हुए बेटे को माँ की पीड़ा समझ में नहीं आई और एक दिन ....

गुड्डू-गुड्ऽऽ

बेटे को याद करते-करते माँ ने प्राण त्याग दिये।


बकरी को किसी सुंदर से बगीचे में छोड़ दो तो ....
मैंऽऽ मैंऽऽ


....पूरे बगीचे को उजाड़ देगी।

मनुष्य की भीतरी सुषमा ही बाहर उत्तम सभ्यताओं के रूप में प्रकट हुई, लेकिन बकरी का दूध पीनेवाले अपनी 'मैं-मैं' में इतने अंधे हो गये कि इंसान के भीतर झाँकना तो दूर, उन्होंने इंसान को इंसान ही नहीं समझा और उन्हें अपनी बात कहने का मौका दिये बिना ही उजाड़ दिया।
मार डालो और इनकी संपत्ति पर कब्जा कर लो।
ईसाइयों ने अमेरिका में 10 करोड़ से भी अधिक रेड इंडियनों की हत्या कर दी।

कालों पर भयंकर अत्याचार
जो भी ज्यादा बीमार हो, उसे गोली मार दो।
जल्दी-जल्दी काम कर, नहीं तो तुझे भी गोली मार दूँगा।

कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बहुत से देशों के मूलवासियों का सफाया

दो विश्व युद्ध
हिरोशिमा व नागासाकी पर परमाणु बम का प्रयोग

ईसामसीह का जन्म उस धरती पर हुआ जहाँ लोग प्रायः बकरी का दूध ही पीते थे। ये लोग ईसामसीह से प्रभावित हुए, उनके अनुयायी बने लेकिन अपने पैगम्बर को समझ नहीं पाये।

सबकी सेवा और प्रेम यही मेरा संदेश है।

हे प्रभु! इन्हें क्षमा करना, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं?

अपराधियों तक का भला चाहनेवाले करुणामूर्ति ईसामसीह के अनुयायियों ने निरपराधों का नरसंहार किया।

दूसरी ओर मजहब के नाम पर ईरान, अफगानिस्तान, तुर्क, मिस्र, इंडोनेशिया आदि देशों को मुसलमान बना लिया गया और वहाँ की संस्कृतियों का भी नाश कर दिया।

जहाँपनाह! तलवार के बल पर हिंदुस्तान के भी एक बड़े हिस्से को हमने मुसलमान बना लिया।

बहुत से विश्वविद्यालयों- पुस्तकालयों को जला दिया गया।

तालिबानियों ने आतंकवाद फैलाया।

औरंगजेब ने इस्लाम के नाम पर अपने पिता को कैद कर लिया, भाइयों की हत्या कर दी और

अब भी मौका है, मुसलमान बन जाओ, सारी जिंदगी ऐश करोगे।

जो धर्म बेचते हैं और जो खरीदते हैं, जो डराते हैं और जो डरते हैं, वे दोनों ही नहीं जानते कि धर्म क्या है।

गुरु गोविंदसिंह के दोनों वीर बालक फतेहसिंह-जोरावरसिंह जिंदे ही दीवार में चुन दिये गये।

बुद्ध की मूर्तियों को उड़ा दो।

महान पैगम्बरों के अनुयायियों की इस हैवानियत को देख क्रांतिकारी विचारक कार्ल मार्क्स को कहना पड़ा



इस वाक्य के प्रभाव से पैगम्बरों के करोड़ों अनुयायी नास्तिक हो गये। यह विश्व का दुर्भाग्य रहा कि मार्क्स को भारत के अध्ययन का मौका नहीं मिला, नहीं तो वे ऐसा कहकर मानवता का अहित न करते।

''गाय में सभी देवताओं का वास है। गाय के तृप्त होने से सभी देवता तृप्त होते हैं। इसी कारण गाय का मल भी गो वर (वरदान) और पवित्र करनेवाला बन गया। गाय की सेवा भी यज्ञ है। ऋषियों के ज्ञान का प्रचार कर ऋषि-ऋण से मुक्त हुआ जाता है।''

अजमेर में सूफी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है।

मोईनुद्दीन चिस्ती अकबर का राजनितिक गुरु था, अकबर द्वारा चितौड़ के किल्ले मे किये २८००० किसानो के नरसंहार और तथाकथित जीत की याद मे चितोड़ दुर्ग द्वार दरगाह को भेंट किया

गाय का दूध पीनेवालों ने कभी किसी को नहीं सताया, बल्कि प्रचार किया 'वसुधैव कुटुम्बकम्' - पूरा विश्व ही परिवार है।

शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के मुँह से निकले इस प्रेम भरे संबोधन ने सभी के हृदय को जीत लिया।

ऋषियों ने कहा



स्वामी रामसुखदासजी लिखते हैं – भैंस के दूध से बुद्धि स्थूल (मोटी) होती है।...बकरी का दूध गाय के दूध की तरह बुद्धिवर्धक और सात्विक बात समझने के लिए बल देनेवाला नहीं होता।

सात्विक व्यक्ति ही छिपे वेष में रहनेवाले संतों को पहचान पाते हैं।

४. चाय में डूबी गाय

राहुल उन पढ़े-लिखों में से था, जिन्हें देश के बारे में कम और विदेश के बारे में अधिक जानकारी है। विदेश से लौटकर अपने गौभक्त मित्रों से मिला।
राहुल! तुम बिना दूध की चाय क्यों पी रहे हो?
यूरोप में काली चाय ही पीते हैं। वहाँ के वैज्ञानिक कहते हैं कि गाय का दूध सफेद जहर है। इससे मधुमेह, आँतों के कैंसर जैसे रोग होते हैं।
सुनो! कल टी.वी.पर श्रीकृष्ण-लीला में दिखाया

''कंस राक्षसी पूतना से कहता है ''
पूतना! राक्षसी का दूध मनुष्य के लिए जहर है। तुम औरत बनकर जाओ और गोकुल के बच्चों को अपना दूध पिलाकर सभी बच्चों को मार डालो, उनमें मेरा काल भी खत्म हो जायेगा। हा s हा s हा s ...

''मुझे लगता है, गायों की तरह दिखनेवाली यूरोप की होलेस्टाइन, जर्सी भी कहीं पूतना जैसी राक्षसियाँ तो नहीं? जिनके दूध को जहर कहा है।''
ककूद नहीं
पीछे से नुकीली
पतली गलकंबल


''भारतीय गाय के ककूद और बड़ी गलकंबल होते हैं। हमारी गायों के दूध को तो आयुर्वेद ने अमृत माना है।''
ककूद
पीछे से गोल
बड़ी गलकंबल

तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि पश्चिम में गोपालन दूध-घी के लिए नहीं, मांस के लिए शुरू हुआ था। आज भी यही उद्देश्य है। डेयरी नाम तो अपनी क्रूरता को छिपाने के लिए दिया गया।
ऐसा नहीं है कि वहाँ विज्ञान के प्रति बहुत जागृति है। जर्सी का दूध बेस्वाद और बदबूदार होता है। इसलिए काली चाय-कॉफी पीते हैं।
ये जानवर प्राकृतिक नहीं हैं, गुणसूत्रों को विकृत कर वैज्ञानिकों ने बनाया है। ये 'जेनेटिकली एंजीनियर्ड काउ' हैं।.... जो खुद ही बार-बार बीमार पड़े, उनके दूध में ताकत कैस हो सकती है?

तुम्हारी बात में दम है। यूरोप में इतना दूध होता है, फिर भी दूध की न तो मिठाइयाँ बनती हैं, न अधिक उपयोग ही होता है। ये दूध का पाउडर बना सस्ती दर पर गरीब देशों में भेज देते हैं।

और ये धर्मात्मा बन, भुखमरी की समस्या मिटाने की आड़ में रोग फैलाते हैं।

फिर इनकी दवा कंपनियाँ दवाइयाँ बेचकर सौगुना मुनाफा कमा लेती है।

DAIRY MILK

MEDICINE

पैकिंग सुंदर, चीजें घटिया, दावे ऊँचे

IRON + COOO

FREE VITAMIN

Health FOOD

पूतना का दूध पीने लायक बनाने के लिए कुछ कंपनियाँ घटिया किंतु स्वादिष्ट और सुगंधित चीजें बनाकर बेचती हैं। जिन्हें बच्चों को दूध पिलाने की इच्छा से माता-पिता खरीद लाते हैं।

ऐसे रुपये बर्बाद करने से तो गाय का दूध पाँच रुपये अधिक देकर भी खरीदा जाय तो बहुत सस्ता पड़ता है।

हाँ, भेड़-बकरी-भैंस पालक केवल दूध बेचकर अपना गुजारा नहीं कर सकते। ये इन्हें और इनके नरों को कसाइयों को बेच देते हैं। लेकिन गोपालक मांस की कमाई नहीं करते।

एक बात बताओ, यूरोप-अमेरिका ठंडे प्रदेश हैं, इसलिए वहाँ के लोग चाय-कॉफी पीते हैं, लेकिन तुम क्यों यह गंदी चीज पी रहे हो?

गंदी चीज कैसे? चाय तो गरीबों का सहारा है, उसे किसी का स्वागत करना हो, तो चाय ही सबसे सस्ती है। वह खुद भी इतना महंगा दूध नहीं पी सकता।

पहले जब चाय नहीं थी, तो क्या गरीब किसी का स्वागत नहीं करते थे? कई जगह गरीब-अमीर सभी अतिथि का स्वागत देशी गुड़ और पानी से करते थे।

तब तो आज के बाजार भाव से पाँच रुपये अधिक लेना उनका हक और देना हमारा धर्म है। इसे जानकर भी ऐसा न कर धर्मात्मा बननेवाले पाखंडी और गौ-हत्यारे हैं।

ऐसे ही शेष भारत में भी कोई ना कोई प्रथा होगी ही। आज चाय के चक्कर में पहले केवल पानी पकड़ा दिया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है।

जो चाय-बीड़ी-दवाई के नाम पर हर महीने सैकड़ों रुपये फूँक सकते हैं, वे गरीब नहीं दरिद्र हैं, दरिद्र ही रहेंगे। उनके लिए गोपालकों के पेट पर लात मारने का तर्क ठीक नहीं।

एक बात और - अंग्रेज लाये चाय क्योंकि उन्हें खानी थी गाय। चाय भैंस के दूध से अच्छी बनती है। इससे गाय की मांग घटी और गोपालक गाय छोड़ भैंस पालने लगे।

ओह! मतलब चाय की गुलामी, गौ-हत्यारे अंग्रेजों की गुलामी है। तब तो चाय पीकर 'भारत माता की जय' बोलना बेमानी है। आज से चाय बंद, लेकिन फिर क्या पीयें?

तुलसी से बनाया उकाला *। इससे चाय का नशा छोड़ने में आसानी होगी और दिन भर स्फूर्ति भी बनी रहेगी।

लेकिन एक प्रश्न मेरे मन में है। हमारी गायें दूध बहुत कम देती हैं, इसका क्या हल है?

यह भी एक झूठा प्रचार है। अलग-अलग प्रदेशों में भारतीय गायों की ३० से अधिक नस्लें हैं, जिनमें...

...कुछ नस्लों के बैल अच्छे होते हैं, तो कुछ दूध अच्छा देती हैं, जैसे गिर गाय। पूरे विश्व में सबसे अधिक दूध देने का कीर्तिमान इसी के नाम पर है।



मित्रो! आज बहुत सी गलतफहमियाँ दूर हो गईं। आज की 'उकाला पार्टी' में तो आनंद आ गया। अब से मैं 'चाय पार्टी' नहीं, 'उकाला पार्टी' पर सबको बुलाया करूँगा।

मनुष्य को प्रतिदिन गाय के दूध-दही-घी का ही उपयोग करना चाहिए, लेकिन विशेष परिस्थितियों में बकरी का दूध और भैंस का दही काम में लिया जा सकता है, लेकिन जर्सी आदि नस्लों की तो कोई भी चीज काम में लेने योग्य नहीं।

५. बैल जब दौड़े तो हार गये घोड़े

राजस्थान का एक जिला है - नागौर। एक बार जोधपुर के महाराजा वहाँ शिकार खेलते हुए अपने सिपाहियों से बिछुड़कर संकट में फँस गये।

मित्र! मैं अकेला हूँ, इसका शत्रु को पता चल गया है। मुझे मारने के लिए उसने सैनिकों का दल भेजा है।

मेरा घोड़ा थक चुका है, तुम एक अच्छा घोड़ा दे दो, ताकि मैं रात ही रात में जोधपुर पहुँच जाऊँ।

महाराज! आप घोड़े पर बैठकर जायेंगे, तो शत्रु आपको पहचान लेंगे। अतः आप बैलगाड़ी से जाइये।

मित्र! जोधपुर यहाँ से २०० कि.मी. से भी अधिक दूर है, बैल धीरे दौड़ते हैं और जल्दी ही थक भी जायेंगे।

महाराज! मेरे पास नागौरी बैल हैं, इन्हें तो दौड़ में घोड़े भी नहीं जीत सकते।

महाराजा बैलगाड़ी पर निकल पड़े और ....

एक ही रात में शत्रु के घेरे से सुरक्षित निकल जोधपुर पहुँच गये।

नागौरी बैल

६. डॉ. गाय

दूध
कबड्डी-
कबड्डी ....
भैंस के दूध से बल तथा बकरी के दूध से स्फूर्ति और लचीलापन बढ़ते हैं। खेल में दम और एकाग्रता भी चाहिए - गाय के दूध से ये पाँचों गुण बढ़ते हैं।

महाराणा प्रताप दल फाइनल में पहुँचा
शिक्षकजी! फाइनल में तो पहुँच गये, लेकिन थकान के कारण कल खेलने की ताकत ही नहीं है।
मेरे पैर की हड्डी में भी चोट लगी है।
मेरी मांस पेशियों में खिंचाव आ गया है।
बच्चों! गाय का गर्मागर्म दूध-घी-हल्दी पी लो, सब ठीक हो जायेगा।

दूसरे दिन
तैयार हो?
बिल्कुल।

महाराणा प्रताप की जय।
कबड्डी-
कबड्डी ....

जीतना है तो रोज पी
देशी गाय का दूध-घी
खेलनेवालों के लिए तो दूध-घी जरूरी है ही। प्राणायाम करनेवाले यदि दूध-घी नहीं पीयेंगे तो प्राणायाम की गर्मी से उनका शरीर जलने लगेगा।

दही
एक कहावत है - खाओ दही तो सब काम सही
बधाई हो। आप दादी बननेवाली हैं।

हमारे पड़ोस में एक बच्चा विकलांग पैदा हुआ है और एक मंद बुद्धि।

चिंता न करें। आप रोज चांदी के प्याले में गाय का दूध जमाकर सुबह उसका ताजा दही अपनी बहू को खिलायें - इससे होनेवाली संतान न विकलांग होगी, न ही मंद बुद्धि।

लस्सी

लस्सी के गुण अस्सी

मित्र! तुम्हारी हड्डी कैसे टूटी?

पैर फिसलने से।

ऐसे तो बुढापे में हड्डी टूटती है। इसका मतलब तुम्हारी हड्डियाँ कमजोर हो गई हैं।

तुम कहते थे न कि 'पंजाब दी लस्सी ओल्ड ड्रिंक, पाप्पे पीओ कोल्ड ड्रिंक'। कोल्ड ड्रिंक में फॉस्फोरिक एसिड होता है, जिससे हड्डियाँ कमजोर होती हैं।

तुम लस्सी पीते तो हड्डी नहीं टूटती क्योकि लस्सी से हड्डियाँ मजबूत होती है, यकृत-गुर्दे को शक्ति मिलती है।

मतलब पंजाब दी लस्सी ओल्ड ड्रिंक, ओल्ड ड्रिंक इज़ गोल्ड ड्रिंक

मक्खन

कृष्ण बालक से स्वप्न में

तुम रोज माखन-मिश्री खाया करो। इससे दिमाग तेज और शरीर शक्तिशाली होगा।

हाँ, भगवान! मुझे बटर बहुत अच्छा लगता है।

बटर मक्खन नहीं है। कच्चे दूध से निकाली गई चिकनाई (क्रीम) को बटर कहते हैं, यह दिमाग को ठंडक नहीं देता और मोटापा भी बढ़ाता है।

मक्खन दही को मथकर निकाला जाता है। यह बच्चों के दिमाग-शरीर और ब्रह्म तेज की रक्षा के लिए सबसे अच्छा टॉनिक है।

छाछ

एक दिन कक्षा में

वीरू! तुम्हें नींद आ रही है?

जी नहीं! ध्यान से सुन रहा हूँ।

कुछ देर बाद

वीरू! तुम फिर सो रहे हो?

जी नहीं। सुन रहा हूँ।

एक मिनट बाद

वीरू! जिंदा हो?

हा..हा..हा...

जी नहीं! बिल्कुल नहीं।

माँ! आप कहती हो, तेज गर्मी पड़ रही है। छाछ पीकर स्कूल जा, नहीं तो लू लग जायेगी, लेकिन इससे स्कूल में नींद आती है। कल मेरी बड़ी हँसी उड़ गई।

बेटा! आज से हमारे घर में भैंस का नहीं गाय का दूध आने लगा है। भैंस की छाछ से आलस आता है, गाय की ताजी छाछ से नहीं। इससे आँतों में ठंडक रहने से टायफाइड नहीं होता....

यकृत को ताकत मिलने से पीलिया, गुर्दे में पथरी, मोतियाबिंद नहीं होता, भोजन भी अच्छी तरह पच जाता है।

माँ! अब तो मैं रोज छाछ पीऊँगा।

घी

आनंदजी के भुलक्कड़पन से सब परेशान थे।

दीदी! मेरी ऐनक नहीं मिल रही, आपने कहीं देखी?

भाई! घी खाया करो, तो यह भुलक्कड़पन कम होगा।

डॉक्टर घी खाने के लिए मना करते हैं।

हमारे डॉक्टर एलोपैथी पढ़ते हैं। जो आहार-विज्ञान में एकदम पिछड़े यूरोप की देन है। जहाँ लोग जानते ही नहीं कि घी क्या है? इसकी जगह हानिकारक चर्बी काम लेते हैं। इसलिए वे चिकनाई मना करते हैं।

''दिन में दही खाना ठीक है, लेकिन रात को खाने से दिमाग कमजोर होता है। श्रावण महीने में दूध नुकसान करता है। भाद्रपद में दही नुकसान करता है। आश्विन मास में खीर खाने से मलेरिया नहीं होता। किस समय, किस ऋतु में क्या खाना चाहिए ऐसी बहुत सी बातें एलोपैथी से समझ ही नहीं सकते।''
दूसरी बात - बाजार में असली घी नहीं मिलता और मिलता भी है तो बटर से बना बटर ऑइल, मक्खन से बना घी नहीं। ये दोनों अलग है, यह ज्ञान भी कुछ ही वैद्यों को है।
आयुर्वेद में घी को आयु कहा गया है। मस्तिष्क १८-२०% चिकनाई से बना है, इसकी मात्रा कम हो जाने पर वह कमजोर हो जाता है। इसकी पूर्ति के लिए घी से सस्ती दूसरी कोई चीज नहीं।
दूसरे दिन
दीदी! कल तुम्हारे कहने पर दाल का हलवा खा लिया। उसमें खूब घी था। अब पेट में दर्द हो रहा है।
घी को दोष मत दो। तुमने हलवे के ऊपर क्या खाया था?
अऽऽ, हाँ याद आया, आइस्क्रीम।
घी की चीज के ऊपर ठंडी चीजें तो क्या सादा पानी भी विष के समान है। इनके साथ या ऊपर हमेशा गर्म दूध, गर्म कढ़ी या गर्म पानी पीना चाहिए, इससे घी अमृत की तरह लाभ पहुँचाता है।
घी-खिचड़ी गर्म कढ़ी
जलेबी-गर्म दूध
मिठाई-गर्म पानी
'' विश्वप्रसिद्ध गौ विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. गौरीशंकरजी माहेश्वरी कहते थे 'गर्म दूध में दो चम्मच गाय का घी डालकर फेंटकर पीने से पाचन शक्ति अच्छी रहती है, पेट साफ रहता है । एसिडीटी, गैस, जोड़ों के दर्द आदि से छुटकारा मिलता है। लेकिन आजकल तो दूध में जो चिकनाई होती है, उसे भी निकाल लिया जाता है, ऐसा दूध वात रोगों को बढ़ाता है।''
आयुर्वेद के अनुसार वात-पित्त-कफ तीन दोष होते हैं, ७०% रोग वात के बढ़ने से होते हैं ।



भाई! मैं घुटने के दर्द से बहुत दुखी थी। दादी माँ का नुस्खा अपनाया 'उबालो दूध-हल्दी, घी फेंटो जल्दी। खड़े-खड़े ही पी, घुटना न दुखे कभी। रख एक सावधानी, सदा बैठ पी पानी।' अब तो मैं नाच भी सकती हूँ।

''एक दिन हमारी पड़ोसन आकर कहने लगी ''

दीदी! हमारे घर के एक-एक कर सब, डॉक्टर के पास जा चुके हैं। आपके घर कोई बीमार नहीं पड़ा, इसका क्या राज है?

रोज ३०-४० ग्राम गाय का घी खाने से दवाइयाँ नहीं खानी पड़ती। घी से रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। जो घी में कंजूसी करते हैं, वे उससे कई गुणा अधिक बीमारियों में लगा देते हैं।

लेकिन दीदी,घी खाने से तो मोटापा बढ़ता है।

पतलेपन और मोटापे का मुख्य कारण भोजन का अच्छी तरह न पचना है। गाय का घी भोजन को पचाता है। इससे पतले का वजन बढ़ता है, तो मोटे का वजन कम होकर शरीर संतुलित रहता है।

''एक दिन तुम्हारे जीजाजी कुश्ती देखने गये।''

यह दिखता पतला है, पर कुश्ती में अच्छे-अच्छों को पछाड़ देता है। कौन सी चक्की का आटा खाता है ?

आटा नहीं, यह तो गाय के घी का चमत्कार है।

गाय का घी खाने से दम और बल बढ़ता है, मोटापा नहीं।

''डॉ. गौरीशंकरजी माहेश्वरी तो चार बूँद गाय के घी से १० से भी अधिक रोगों का उपचार बताते थे।''

मेरे सिर में दर्द है

मेरी आँखों में

मेरे कान में

मुझे तनाव बहुत रहता है

मुझे सायनस के कारण साँस लेने में तकलीफ है

''घर में हमेशा गाय का घी रखा करो। दो-दो बूँद गाय का गुनगुना घी नाक में डालने से इन सब में चमत्कारिक लाभ होता है। ध्यान रहे यह घी दही मथकर बनाया हुहोना चाहिए। ''

मुझे एलर्जी है

मेरे बाल गिरते हैं

पढ़ने से थक जाता हूँ

''योगी कहते हैं ''

गाय का घी नाक में डालने से आज्ञाचक्र को शक्ति मिलती है। इससे योग में जल्दी प्रगति होती है।

''रात को सोते समय प्रतिदिन इसका प्रयोग करो। यह आँख, कान, दिमाग के लिए बहुत अच्छा टॉनिक है। इससे स्मरण शक्ति तेज होती है।''

सावधानी : नाक में घी डालते समय इसका तापमान शरीर के तापमान से कुछ अधिक हो। इसे साँस के साथ खींचे नहीं, बल्कि आज्ञाचक्र के पास ही रहने दें। एक घंटे तक पानी ना पीयें।

गोबर
मुंबई शहर के एक फ्लैट में
तुम लोग अपने घरों को फ्लैट क्यों कहते हो ?

जिसे न शुद्ध हवा मिलती है, न पानी, न भोजन। जिसके पास न जमीन अपनी हो, न छत। ऐसे फ्लैट (चारों खाने चित) हुए लोग जहाँ रहते हैं, उसे फ्लैट नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे ?
हा..हा..हा...
वाह! क्या सटीक टिप्पणी की है।

लोग इतने कष्ट में हैं, तो गाँव छोड़ यहाँ क्यों रहते हैं ?
लक्ष्मी के लिए।
मगर शहरों में जो लक्ष्मी है, वह तो उल्लू पर बैठी हुई है और कभी भी उड़ सकती है।
मित्र! मजाक में तुमने गंभीर बात कह दी। हमारे देश को लूटने के लिए २००० वर्षों तक शहरों पर आक्रमण होते रहे, लेकिन लक्ष्मी के स्रोत गाँव थे। इसलिए १०-१५ वर्षों में ही शहर फिर समृद्ध हो जाते थे।

अब तो प्रगति के नाम पर गाँवों को शहरों पर आश्रित बना दिया है। हालत यह है कि केवल १० बड़े शहरों को नष्ट कर दिया जाय, तो फिर कभी भी यह देश खड़ा नहीं हो पायेगा।
तो उपाय क्या है ?


थर्मल पावर
बाँध
विद्युत उत्पादन केंद्र
पानी की पाइप लाइन
रासायनिक खाद फैक्ट्री

गाँव की लक्ष्मी को गाँव में ही रोकना होगा और शहरों की लक्ष्मी को गाँवों में खींचना होगा।

शास्त्र कहते हैं कि लक्ष्मी का वास गोबर में है। इसलिए गोबर से श्रीगणेश करना होगा।

बातें बड़ी-बड़ी और योजना गोबर गणेश। हा..हा..हा...

ये हँसने की बात नहीं है। गोबर वास्तव में गो वर अर्थात् गाय का वरदान है।

वो कैसे ?

गाय के १ किलो गोबर से नॅडेप पद्धति से ३० किलो खाद तैयार होती है। समझदार लोगों में इससे उगे अन्न-फल-सब्जी की अच्छी मांग होने से ये अच्छे भाव बिकते है। विदेश में तो इसकी भारी मांग है।

गाय के गोबर से रोज काम आनेवाली बहुत सी चीजें बनने लगी हैं। लोगों को इनका बड़ा भारी लाभ मिल रहा है। लोगों ने अपने अनुभव बताये। पहला अनुभव

जब से हम गाय के गोबर का धूप कर रहे हैं, लगता है तब से लक्ष्मीजी की बड़ी कृपा हो रही है।

दूसरा अनुभव - पानी के कारण रोग फैलने पर डॉक्टर के आगे भयंकर भीड़ लग जाती है...

दवाखाना

लेकिन एक चुटकी हल्दी और दो चुटकी धूप की भस्म (राख) मटकी में डाल देने से कोई रोग नहीं होता। पानी उबालने के झंझट और खर्च से भी मुक्ति मिल जाती है।

इस भस्म ने तो मेरी कमाई को ही भस्म कर दिया।

तीसरा अनुभव - इसकी भस्म घाव पर लगाने से वह बहुत ही जल्दी ठीक हो जाता है।

चौथा अनुभव

क्या बात है, आपके घर में पंखा बंद है, तब भी गर्मी नहीं है ?

भैया! हमारा घर गोबर से लीपा हुआ है। ऐसे घर गर्मी में ठंडे और सर्दी में गर्म रहते हैं।

गाय के गोबर से लीपे हुए मकान में रेडियो सक्रिय किरणों का दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

पाँचवाँ अनुभव

तुम दसवीं में प्रथम आने का श्रेय किसको देते हो ?

माता -पिता, शिक्षक और अंगराग को।

अंगराग ? ?

परीक्षा के बाद अंगराग का लेप ललाट पर लगाकर आधे घंटे लेटने से मेरी पूरी थकान मिट जाती थी और मैं अगले दिन की तैयारी के लिए तरोताजा हो जाता।

गोबर, मुलतानी मिट्टी, हल्दी आदि से अंगराग बनता है।

छठा अनुभव

डॉक्टर साहब! यह देखिये मेरी त्वचा कैसी हो गई है।

यह चर्म रोग है। साबुन लगाना बिल्कुल बंद कर दो।

आप मजाक कर रहे हैं क्या ? साबुन तो त्वचा को साफ करता है।

चर्बी और रसायन से बने साबुन त्वचा को नुकसान पहुँचाते हैं। सफाई के लिए नहाते समय हाथ से रगड़ना ही काफी है। सप्ताह में एक दो बार घरेलू उबटन लगाकर नहा लिया करो।

मैं पिछले २८ वर्षों से साबुन नहीं लगा रहा हूँ। क्या तुम्हें मैं मैला दिख रहा हूँ या मेरे शरीर से दुर्गंध आ रही है ?

बिल्कुल नहीं।

अंगराग चर्म रोगों का नाश करता है। अंगराग उबटन और बट्टी त्वचा को पोषण देते हैं। इससे नहाने से शरीर में गजब की ताजगी आती है और त्वचा एकदम कोमल हो जाती है।

अंगराग

सातवाँ अनुभव

तुम्हारे मुँहासे कैसे गायब हो गये?

रोज चेहरे पर २०-२५ मिनिट अंगराग का लेप लगाकर रखने और दूध-घी पीकर आँतों की गर्मी कम करने से।

अंगराग से रूसी, बाल झड़ना, बुखार आदि में भी आराम मिलता है।

आठवाँ अनुभव

पिताजी! मुझे गोबर के कोयले से मंजन करने में शर्म आती है।

शर्म क्यों? कोयला कीटाणुनाशक-दुर्गंधनाशक है। इसलिए फिल्टरों में इसका उपयोग करते हैं। हजारों वर्षों से हम घरों में बने गोबर के नरम कोयले से मंजन कर रहे हैं।

गोमय मंजन से बुढ़ापे में भी हमारे दाँत गन्ने खाने लायक रहते थे, जबकि टूथपेस्ट-ब्रश करने वाले यूरोप में हर तीसरा व्यक्ति दाँत का रोगी है।

गोमूत्र

गाय के दूध-दही-घी से भी अधिक मूल्यवान है गोबर और गोमूत्र। गोमूत्र औषधि नहीं, महा औषधि है।

आओ मीरा! विवाह के बाद पहली बार आई हो। कहो कैसी हो?

नमस्ते वैद्यजी। मैं तो अच्छी हूँ, लेकिन मेरे ससुराल में हर समय कोई ना कोई बीमार रहता है। मैंने सुना है कि गोमूत्र से बहुत से रोग दूर हो जाते हैं?

बहुत ही अच्छे समय पर आई हो। मैं तुम्हारी बात का उत्तर बाद में दूँगा। पहले इनकी कहानी सुनो।

मुझे कैंसर हो गया था और कैंसर के कारण मैंने जीवन की आशा ही छोड़ दी थी।

''तब एक संत आये''

बेटा! चिन्ता मत कर। हर दिन गोमूत्र हाथ में ले यह प्रार्थना कर पी लिया कर- हे गोमूत्र! आपमें गंगा का वास है। गाय के शरीर में सभी देवता हैं, आप उनके तीर्थों का जल हो। हे प्राणवान गोमूत्र! मैं गौ माता की शरण में हूँ। मेरे प्राणों की रक्षा करो।

''प्रार्थना कर पिये गये गोमूत्र ने मेरा कैंसर खत्म कर दिया।''

चमत्कार! सुना है कि इसके कैंसर नाशक गुणों के कारण इसे अमेरिका में पेटेंट भी मिला है।

आज जिस विधि से आयुर्वेदिक औषधियाँ बनती हैं, उससे उनकी प्राण-शक्ति घट जाती हैं। जिससे ठीक होने में समय लगता है। **जबकि गोमूत्र प्राणवान है। प्रार्थना से प्राण सक्रिय हो जाता है। उससे रोग शीघ्र ही ठीक हो जाता है।** प्राण और प्रार्थना विज्ञान के प्रति हमारे अज्ञान के कारण ही हमें यह चमत्कार लगता है।

''योगी इस प्राण-शक्ति को योग-प्रणायाम से जागृत कर ही तो बिना औषधि के करोड़ों लोगों को लाभ पहुँचा रहे हैं।''

गोमूत्र की इस प्राण शक्ति से क्या सभी रोग ठीक हो सकते हैं?

हाँ। मृत्यु ही किसी रोग का चोला पहन ले, तो बात अलग है। अन्यथा कब्ज, गैस, दमा, मोटापा, रक्तचाप, जोड़ों के दर्द, मधुमेह, संक्रामक रोग सभी ठीक हो सकते हैं।

क्या स्वस्थ आदमी को भी गोमूत्र पीना चाहिए?

अवश्य। यह वात-कफ दोष नाशक है। छोटी आँतों में जमा पित्त दोष को भी शरीर से बाहर निकालता है। यह कीटाणुनाशक, फफूंदनाशक, दर्दनाशक औषधि ही नहीं प्राणवान टॉनिक भी है।

''रासायनिक खाद-कीटनाशकों का जहर भोजन के माध्यम से हमारे शरीर में पहुँच जाता है, इनमें से कुछ गोमूत्र और कुछ घी से नष्ट होकर शरीर से निकल जाते हैं।''

PESTICIDE
POISON

गोमूत्र में ऐसी विषनाशक शक्ति है कि यह विष को भी अमृत बना देता है। आयुर्वेद में पारा, गंधक, भिलावा, संखिया आदि विषैली चीजों को इससे साफ कर औषधि बना लिया जाता है।

क्या किसी भी गाय का गोमूत्र ले सकते हैं? इसे लेने की कोई विशेष विधि है क्या?

८ बार सूती कपड़े से ताजे गोमूत्र को छानकर गर्मी में दो चम्मच और सर्दी में आधा कप पीने से कभी कोई रोग नहीं होता। कचरा खाने को विवश गाय का गोमूत्र नहीं लेना।

गोमूत्र के संबंध में अधिक जानकारी हेतु
सुषमा सेवा प्रकाशन की 'गो-गव्य चिकित्सा' पुस्तक पढें।

अच्छा और ताजा गोमूत्र न मिलने पर उससे बने अर्क-गोली या आसव आदि भी ले सकते हैं। किसी औषधि को गौमूत्र अर्क के साथ लेने से औषधि की शक्ति कई गुणा बढ़ जाती है।

जब गाय में इतने गुण हैं तो जिनके घरों में गायें है, वे डॉक्टर के पास क्यों जाते हैं?

''एक बार संतासिंह भागा जा रहा था।''

ओए संता! ऊपर देखते हुए कहाँ दौड़े जा रहे हो?

बंतासिंह ने कौए को मेरी नाक ले जाते देखा, इसलिए अपनी नाक छीनने जा रहा हूँ।

''गाय के रूप में घर में ही डॉक्टर है, लेकिन दवा कंपनियों के बहकावे में आने से गोपालकों की भी संतासिंह जैसी हालत हो गई है।''

अच्छा एक बात बताओ, टी.वी.को इडियट बॉक्स क्यों कहा जाता है ?

टी.वी. देखने से सोचने की क्षमता कम हो जाती है और व्यक्ति जो देखता है उसी की नकल करने लगता है।

एकदम सही। वह चाय का नशा, विषैले कोल्ड ड्रिंक पीना, बटर और बाजारू टॉनिक खाना सीख जाता है। दादा-दादी से परंपराओं को समझने की जगह सीरियलों से गंदी बातें सीखता है।

गाय पालनेवाले अपनी चीजों का टी.वी. पर विज्ञापन क्यों नहीं देते ?

''१ रु. की चीज १० रु. में बेचनेवाले टी.वी. पर अपना विज्ञापन दे सकते हैं, गोपालक नहीं। ऐसा हुआ तो ४० रु. लागत का दूध ४०० रू., १००० रु. का घी १०,००० रु. किलो बिकेगा। ''

लेकिन आज जो ४० रु. लीटर का दूध २० रु. में, १००० रु. किलो का घी २००-२५० रु. में बेचना पड़ रहा है और जिसके कारण गायें छोड़ दी जाती है, इसका उपाय क्या है ?

आज बहुत सी जगह दूध ३० रु.लीटर और घी ५००-६०० रु. किलो बिकने लगा है। इससे जिन्होंने गायें छोड़ दी थीं, वे फिर से गाय रखने लगे हैं। भाव बढ़ने से और अधिक लोग गाय पालेंगे।

इससे तो केवल अधिक दूध देनेवाली गायों की ही मांग बढ़ रही है। जो गायें कम दूध देती है, उन्हें कौन पालेगा ?

गोबर-गोमूत्र के उत्पादों के घर-घर उत्पादन और आस-पास बिकने से ही गाय बच सकती है।

इनको बनाने के प्रशिक्षण की व अन्य जानकारी 'सुषमा सेवा प्रकाशन' से फोन, ई-मेल या जवाबी पत्र साथ भेजने से मिल सकती है।

नमस्कार वैद्यजी।

आइये! आइये! बहुत सही समय पर आये, जरा मीरा को बताइये कि गौ माता के सत्संग से आपको क्या लाभ हुआ।

मुझे ७ वर्ष से उच्च रक्तचाप था। डॉक्टरों ने कहा कि जीवन भर दवाई लेनी पड़ेगी। गाय पर प्रेम से हाथ फेरने से दो महीनों में मैं बिल्कुल ठीक हो गया। मेरी गाय भी अधिक दूध देने लगी।

वाह!

मुझे क्षय रोग (टी.बी.) हो गया था। गायों के पास सोने से यह भयंकर रोग ठीक हो गया।

आश्चर्य!
जिसने गाय से नाता जोड़ा।
रोग ने उससे नाता तोड़ा।।

वाह! क्या सुंदर बात कही। यह उक्ति तो दीवार-दीवार पर लिख देनी चाहिए। क्या तुम ऐसी कुछ और उक्तियाँ बना सकती हो?

गो-सुषमा को समझकर,
जो फेरे गौ पे हाथ।
बिन डॉक्टर की दवा के
रोग छोड़ दे साथ।।

गो-सुषमा को समझकर
जो घर में रखे गाय।
गोबर-गोमूत्र-घी से,
वो खूब करेगा आय।
खूब करेगा आय,
लक्ष्मी माता आयेगी
सुख समृद्धि मान-
प्रतिष्ठा संग लायेगी।।

जो छोड़ टूथपेस्ट-ब्रश,
गोमय मंजन अपनाये।
दाँत रहे सदा युवा
बुढ़ापा पास न आये।।

जिसके घर तुलसी और
गाय। उसके घर कभी
रोग न आया

कुछ दिनों बाद गाँव-गाँव, गली-गली

जो अंगराग से नहाये,
उसे चर्मरोग न सताये

गौ-उत्पादों का करें प्रयोग।
धन बचे मिट जाये रोग।।

गुरुकुलम्

गोबर धूप से करें पूजा।
आये लक्ष्मी, आये ऊर्जा।।

MH-786

७. गो-सुषमा

राजकुमारी सुषमा का हृदय प्रेम से भरा था। अतः उसे सेवा में विशेष आनंद आता था। एक ऋषि की उसने खूब सेवा की।

मैं तुम्हारी सेवा से तृप्त एवं प्रसन्न हूँ।

किंतु ऋषिवर, मैं तो आपकी सेवा ही ठीक से नहीं कर पाई।

एक दिन राजा के साथ

ऋषिवर! सुषमा को छोड़ मेरी सभी बेटियाँ सुंदर हैं। इसी कारण से इसके विवाह की चिंता रहती है।

राजन्! बच्चे के लिए कुरूप माँ भी किसी सुंदर स्त्री से अधिक सुंदर होती है। माँ की सुषमा को बच्चे की आँख से ही देखा जा सकता है। राजकुमारी में भी ऐसी ही सुषमा है।

'' राजन्! हिन्दू मूर्ति पूजक नहीं हैं। वे पहले मूर्ति में अपने इष्ट की ज्योतीय सुषमा को स्थापित करते हैं - जिसे प्राण प्रतिष्ठा कहते हैं। तब उसकी पूजा करते हैं।''

गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'जहाँ-जहाँ तुझे कोई विशेषता दिखाई दे, वहाँ-वहाँ तू मुझे देख।' गाय, तुलसी, गंगा और धरती इन आँखों से देखनेवालों को पशु, पौधा, नदी और मिट्टी दिखे। भारतीयों को उनमें माँ रूप ईश्वरीय सुषमा का दर्शन हुआ।

जय गौ माता।

गंगा मैया की जय।

जय तुलसी मैया।

पादस्पर्शम् क्षमस्व मे *

महापुरुषों की आत्मायें जन्म लेने के लिए भीतरी सुषमा संपन्न माता की खोज में वर्षों प्रतीक्षा करती रहती हैं। ऐसी माता मिलने पर ही वे उसके कोख में प्रवेश करते हैं; किसी सुंदर, विदुषी, व्यवहार-कुशल, गुणी स्त्री की कोख में नहीं।

''उत्तम भूमि (रज) न होने पर उत्तम बीज (वीर्य) नष्ट हो जाता है और जंगली पौधे उग जाते हैं। इसी प्रकार माता श्रेष्ठ न हो तो पिता के श्रेष्ठ होने पर भी श्रेष्ठ संतान संभव नहीं।''

''राजन्! कश्यप ऋषि की सती पत्नी अदिति से देवताओं ने और कामिनी पत्नी दिति से दैत्यों ने जन्म लिया।''

सती अर्थात् पति में स्थित परमेश्वर को समर्पित। कामिनी अर्थात् पति को मात्र अपनी कामनाओं की पूर्ति करनेवाला समझनेवाली।

राजन्! हर व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं। देव-ऋण, ऋषि-ऋण और पितृ-ऋण।

''जिस कार्य से देवता तृप्त हों और थोड़ा-सा लेकर बहुत अधिक दें, उसे यज्ञ कहते हैं। हवन से देवता तृप्त होते हैं, इसलिए हवन भी यज्ञ है। अग्निहोत्र हवन में गोबर के कंडे जलाकर उसमें ठीक सूर्योदय और सूर्यास्त के समय गाय के घी में भीगे अक्षत की मात्र दो आहुतियाँ दी जाती हैं। इसके धुएँ और भस्म से कई असाध्य रोग ठीक होते हैं, फसल बढ़ जाती है और उसमें रोग भी नहीं लगते।''

सूर्योदय के समय

ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम।
ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।

सूर्यास्त के समय

ॐ अग्नये स्वाहा। इदं अग्नये न मम।
ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम।

''कृषि से देवता तृप्त होकर एक बीज से हजारों-लाखों बीज बनाकर जगत् के जीवों का पालन करते हैं। इसलिए कृषि उद्योग नहीं, यज्ञ है।''

''गाय में सभी देवताओं का वास है। गाय के तृप्त होने से सभी देवता तृप्त होते हैं। इसी कारण गाय का मल भी गो वर (वरदान) और पवित्र करनेवाला बन गया। गाय की सेवा भी यज्ञ है। ऋषियों के ज्ञान का प्रचार कर ऋषि-ऋण से मुक्त हुआ जाता है।''

आज के युग में ऋषि-ऋण से इस प्रकार भी मुक्त हुआ जा सकता है

भाईसाहब! अच्छा खासा व्यापार छोड़कर यह दूध-घी-गोमूत्र के उत्पाद बेचना क्या शुरू कर दिया?

भैया! यह केवल धंधा नहीं, ऋषि-ऋण से मुक्त होने का प्रयास है।

क्या मतलब?

प्राचीन काल में ऋषि आश्रमों में गायें रखते थे। गोमूत्र-गोबर के सेवन से उनमें पवित्रता आती थी। दूध-घी से उनकी बुद्धि बड़ी विलक्षण होती थी, जिससे वे बड़े-बड़े ग्रंथों की रचना करते थे। आज तो गाय का दूध-घी न खाने के कारण उन्हें समझनेवाले भी कम है। लोगों को इनके सेवन से ऋषियों के ज्ञान को समझने योग्य बनाकर मैं ऋषि-ऋण से मुक्त होने का प्रयास कर रहा हूँ।

श्रेष्ठ संतान को जन्म दे पितृ-ऋण से मुक्त हुआ जाता है। यदि राजकुमारी सुषमा सहर्ष स्वीकार करे, तो पितृ-ऋण से मुक्ति के लिए मैं आप से उसका हाथ मांगता हूँ।

यह सुनते ही भीतर महल में

हाय, मुझे मालूम होता कि ऋषि मेरी बेटी पर मोहित हो जायेंगे, तो उसे ऋषि की सेवा के लिए कभी नहीं भेजती।

हमारी बहन कितने सुख में पली है। ऋषि के पास क्या है? न महल, न नौकर-चाकर।

ऋषि ने जरा भी हमारी प्रतिष्ठा के बारे में नहीं सोचा। प्रजा सोचेगी कि कोई राजकुमार सुषमा से विवाह के लिए तैयार नहीं हुआ, इसलिए राजा ने राजकुमारी को वनवास दे दिया।

राजाओं के संबंधी राजा या राजकुमार होते हैं। एक वनवासी की हिम्मत कैसे हुई मेरी बहन का हाथ मांगने की? यदि वे ऋषि न होते तो मैं अपनी तलवार से ....

क्षमा करें। दूल्हे को वर कहा जाता है, वर अर्थात् श्रेष्ठ। सामान्य मनुष्य धन, पद, बुद्धि, कुल जैसी सांसारिक चीजों से स्वयं को श्रेष्ठ समझते हैं। ये नाम, धन या कामनाओं की पूर्ति जैसे क्षुद्र भावों के वश होकर ही बड़े-बड़े काम करते हैं। इससे कुछ दूर तक ही समाज का हित कर पाते हैं, बाद में तो अहित ही अधिक करते हैं।

ऋषि वास्तव में श्रेष्ठ होते हैं क्योंकि ये बड़े ही नहीं, हर छोटे-छोटे काम भी आध्यात्मिक उद्देश्यों से प्रेरित होकर करते हैं, इसलिए उनके छोटे काम का प्रभाव भी बड़ा और गहरा होता है।

विवाह एक महत्त्वपूर्ण संस्कार है। वर की श्रेष्ठता सांसारिक नहीं, आध्यात्मिक होनी चाहिए। इसका पता उसकी संगति और रुचि से चलता है।

सांसारिक इच्छा से मर्यादाओं को तोड़ना अधर्म है, किंतु अध्यात्म के मार्ग में रोड़ा अटकानेवाली मर्यादा टूटती है, तो इससे जड़ हो रहे समाज में चेतना आती है।

मनमाने व्यवहार के कारण समाज का पतन होने लगा तो राम ने मर्यादाओं का पालन कर समाज के सामने एक आदर्श रखा; किंतु जब लोग मर्यादाओं में बंधकर आध्यात्मिक उद्देश्य को भूलने लगे, तो कृष्ण ने मर्यादाओं को तोड़ा।

